प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 10.04.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि केन्द्र सरकार, देश में ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी पारदर्शिता और दृढ़ता के साथ काम कर रही है–कोरबा स्थित गेवरा खदान का किया निरीक्षण।

2– नई नक्सल पुनर्वास नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी जिलों में कलेक्टर की अध्यक्षता में विशेष समितियों का गठन किया जाएगा।

3– चौबीसवें और अंतिम जैन तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है।

4– अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना।

**अब समाचार विस्तार से .....**

<u>केन्द्रीय मंत्री–दौरा</u>

केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा है कि केन्द्र सरकार, देश में ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी पारदर्शिता और दृढ़ता के साथ काम कर रही है। इसके लिए पर्यावरण हितों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। दो दिवसीय छत्तीसगढ़ के प्रवास पर पहुंचे श्री रेड्डी ने आज कोरबा जिले में स्थित देश की सबसे बड़ी साऊथ इस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड–एसईसीएल की गेवरा कोयला खदान के निरीक्षण के दौरान यह बात कही। श्री रेड्डी ने कहा कि देश में कोयला उत्पादन को बढ़ाने के साथ ही माईन क्लोजर एक्टिविटी के लिए एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। अगले तीन वर्षों में पर्यावरण के मानकों के अनुरूप ग्रीनरी डेवेलप किया जाएगा।

केन्द्रीय कोयला मंत्री ने यह भी कहा कि गेवरा खदान में इस साल कोयला उत्पादन कम हुआ है। कोयला उत्पादन को बढ़ाने के लिए आगे प्रयास किए जाएंगे।

कोयला मंत्री ने एसईसीएल गेवरा खदान क्षेत्र में कोयला लोडिंग और परिवहन कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने गेवरा खदान व्यू पॉइंट स्थल पर पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से एसईसीएल क्षेत्र में कोयला उत्पादन के कार्य, परिवहन, तकनीकी समावेश, सामुदायिक विकास और पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों की जानकारी ली।
इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने एसईसीएल के उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने एसईसीएल श्रमिकों से चर्चा की और उनकी मांगो तथा सुझावों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की बात कही।

<u>माओवादी–पुनर्वास नीति</u>

राज्य सरकार द्वारा नक्सलवादी आत्मसमर्पण–पीड़ित राहत पुनर्वास नीति–दो हजार पच्चीस के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी जिलों में कलेक्टर की अध्यक्षता में विशेष समितियों का गठन किया जाएगा। समिति में पुलिस अधीक्षक को सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा वनमंडलाधिकारी, जिला पंचायत के सीईओ, कलेक्टर द्वारा नामांकित दो अन्य अधिकारी तथा सशस्त्र बलों के प्रतिनिधियों को भी समिति में शामिल किया जाएगा। वहीं,

पुनर्वास कार्यों की निगरानी के लिए जिला और सब–डिविजनल स्तर पर नोडल अधिकारी की नियुक्ति भी की जाएगी।
राज्य शासन के गृह विभाग ने नक्सलवादी आत्मसमर्पण–पीड़ित राहत पुनर्वास नीति–दो हजार पच्चीस के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है और इसके साथ ही यह नीति लागू हो गई है। यह नीति, माओवादी हिंसा में पीड़ित हुए व्यक्तियों और परिवारों जैसे कि मृत्यु, गंभीर घायल या स्थायी अपंगता के शिकार लोगों के साथ–साथ आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के पुनर्वास और राहत के उद्देश्य से तैयार की गई है। अधिसूचना के मुताबिक एक पोर्टल में प्रत्येक पीड़ित और आत्मसमर्पित व्यक्ति की जानकारी दर्ज कर उन्हें एक यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी।

गृहमंत्री–शांतिवार्ता

उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने माओवादियों द्वारा शांतिवार्ता की अपील किए जाने पर कहा है कि माओवादी अगर चर्चा चाहते हैं, तो उन्हें मुख्यधारा में आना होगा। उन्होंने कहा कि माओवादियों ने शांतिवार्ता के लिए किसी 'समिति' का जिक्र किया है, तो वे उस समिति को स्पष्ट करें। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने शांतिवार्ता के लिए कोई समिति का गठन नहीं किया है। राज्य सरकार, माओवादियों से चर्चा के लिए तैयार है।

गौरतलब है कि माओवादियों ने कल विज्ञप्ति जारी कर राज्य सरकार से शांतिवार्ता की अपील की थी।

आईईडी–बरामद

बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों की टीम ने माओवादियों द्वारा लगाए गए चार प्रेशर आईईडी बरामद किए हैं। कोबरा बटालियन की टीम भीमाराम से पुसगुफा की ओर सर्चिंग के लिए निकली थी। इसी दौरान बॉटल में लगाए गए चार आईईडी बरामद किए गए, जिसे बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया।

एसीबी–इओडब्ल्यू–छापा

राज्य आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू और एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने तेंदूपत्ता गड़बड़ी मामले में सुकमा जिले के कोंटा में चार अलग–अलग ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की। वहीं, सुकमा में पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के घर पर भी ईओडब्ल्यू–एसीबी की टीम ने दबिश दी। इस मामले में पूर्व में तत्कालीन डीएफओ के घर सहित अलग–अलग ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की गई थी।

सुशासन तिहार

राज्य सरकार द्वारा आयोजित प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के तहत आज तीसरे दिन भी आम लोगों से ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के कार्यालयों में आवेदन लिए गए। तीन चरणों में आयोजित यह सुशासन तिहार इकतीस मई तक चलेगा। प्रथम चरण के तहत आठ अप्रैल से आवेदन लिए जा रहे हैं और कल ग्यारह अप्रैल तक आम लोगों से आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन जमा करने के लिए ग्राम पंचायत और नगर पंचायत कार्यालयों में समाधान पेटी की व्यवस्था की गई है।

छत्तीसगढ़–सम्मान

आधार सेवाओं के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य को एक और बड़ी उपलब्धि मिली है। राज्य में अट्ठारह वर्ष से कम आयु के बच्चों के बायोमैट्रिक आधार अपडेट की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

किया गया है। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित आधार संवाद कार्यक्रम में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के डिप्टी डायरेक्टर जनरल–फायनेंस तेनतु सत्यनारायण ने छत्तीसगढ़ को यह सम्मान प्रदान किया। राज्य की ओर से छत्तीसगढ़ सदन के मनीष जोशी ने यह सम्मान ग्रहण किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे।

## अत्याधुनिक कॉमन फैसिलिटी सेंटर

नवा रायपुर अटल नगर में ग्रीनफील्ड इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर के अंतर्गत एक अत्याधुनिक कॉमन फैसिलिटी सेंटर–सीएफसी की स्थापना की जा रही है। यह सेंटर इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में काम कर रहे उद्योगों और स्टार्टअप्स के लिए अत्यधिक लाभकारी साबित होगा। यह कॉमन फैसिलिटी सेंटर तकनीकी नवाचार, औद्योगिक सहयोग और रोजगार सृजन का केंद्र बनेगा।
नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के लिए केन्द्र सरकार द्वारा ईएमसी योजना के तहत पचहत्तर करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई है। नवा रायपुर में सवा तीन एकड़ भूमि में विकसित यह सेंटर प्रिंटेड सर्किट बोर्ड प्रोटोटाइपिंग, थ्री–डी प्रिंटिंग, ईएमसी टेस्टिंग, पर्यावरण और विश्वसनीयता परीक्षण जैसी आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित है।

## 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना'

'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' के तहत आज सरगुजा संभाग के लगभग आठ सौ श्रद्धालु महाकालेश्वर उज्जैन और ओंकारेश्वर तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिए रवाना हुए। श्रद्धालुओं को अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से 'भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन' द्वारा रवाना किया गया। समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने हरी झंडी दिखाकर इस ट्रेन को रवाना किया। इस मौके पर श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य केवल तीर्थ यात्रा ही नहीं, बल्कि नागरिकों को उनकी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना भी है।

## महावीर जयंती

चौबीसवें और अंतिम जैन तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महावीर जयंती के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।
महावीर जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी जैन समुदाय द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## अग्निवीर भर्ती–आवेदन

भारतीय सेना में विभिन्न पदों पर अग्निवीर भर्ती के लिए अभ्यर्थी पच्चीस अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के मुताबिक सेना में जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमेन, महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों पर अग्निवीर की भर्ती की जाएगी।

## मौसम
## और अब पेश है मौसम का हाल...

आने वाले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की भी चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास स्थित है। इसका असर छत्तीसगढ़ में भी देखने को मिल रहा है। फिलहाल अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, लेकिन अगले दो दिनों तक गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है।